## खबर संक्षेप

### व्यापारी संगठन का निशुल्क रोग निदान शिविर

**सौंसर।** व्यापारी संगठन सौंसर एवं रेमेडीया हॉस्पीटल नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजनअभिनव क्लिनिक फवारा चौक सौसर में किया जाएगा। रविवार 7 अप्रैल संपन्न होने वाले निशुल्क रोग निदान शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए व्यापारी संगठन के अध्यक्ष दिलीप बागडे ने बताया कि संगठन के माध्यम से निरंतर सौसर क्षेत्र के मरीजों को आसानी से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके इस उद्देश्य को लेकर निरंतर रोग निदान शिविर का आयोजन किए जाते है। 7 अप्रैल रविवार को संपन्न होने वाले निशुल्क रोग निदान शिविर मेंई.सी.जी.एवं ब्लड शुगर की जांच की जाएगी। साथ शिविर में डॉ.आशिष सुंड़े एमडी हृदय रोग एवं डायबिटिज तज्ञ,डॉ. सोनल सुंडे,स्त्री रोग, निःसंतान एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन,डॉ.अजय नेनवानी. (हड्डी रोग विशेषज्ञ,डॉ.राजश्री निंबुरकर एमडी मानसिक रोग तज्ञ,डॉ.आदर्श लालवानी,डॉ.कल्याणी सुरकार,डॉ भाग्यश्री गावड़े,राजेश गावड़ेआदि अपनी सेवाए देंगे।

### रामकिशोर चौरसिया का निधन

**छिंदवाड़ा।** चौरसिया समाज चांद के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी रामकिशोर चौरसिया पिता स्वर्गीय हुकुमचंद चौरसिया उम्र लगभग 52 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया है।



इनके निधन होने पर चांद हरनाखेड़ी नगर में शोक व्याप्त है। स्वर्गीय रामकिशोर चौरसिया चारगांव प्रहलाद स्कूल के सेवानिवृत प्राचार्य राजेंद्र चौरसिया , सेवानिवृत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अशोक चौरसिया और नंदकिशोर चौरसिया के भाई थे।इनके देहावसान से सारे नगर में शोक की लहर है और चौरसिया समाज को भी अपूर्णीय क्षति हुई है। जिनका अंतिम संस्कार चांद के मोक्ष धाम में संपन्न हुआ।

## वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन शराब ठेकेदार ने गांव-गांव अवैध भंडारण करवाई अंग्रेजी शराब

# आचार संहिता का पालन नहीं करवा पाया आबकारी विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद जिले में आचार संहिता लागू हो गई। इसके लागू होने पर जिला प्रशासन ने बड़े-बड़े दावे ठोकें की आचार संहिता का पालन कड़ाई से कराया जाएगा। जिसमें कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में रहने एवं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कार्रवाई करें एवं अवैध व्यवसाय पुलिस की कांबिंग गस्त अवैध शराब व्यवसाय पर सख्त कार्रवाई की जाए । साथ ही जिले की बॉर्डर पर सघन चेकिंग की जाए जिसमें आज तक कोई बड़ा नतीजा कार्रवाई के रूप में सामने नहीं आया। इसके साथ ही मुख्यालय पर जिला प्रशासन के निर्देशों की खुली अवहेलना कर कर्मचारी मुख्यालय पर नहीं रहते। अधिकांश कर्मचारी छिंदवाड़ा या अन्य जगह से आना-जाना लगातार कर रहे हैं। इससे लगता है कि जिला प्रशासन के आदेश निर्देश तामिया में कम से कम तो महत्व रखते नजर नहीं आ रहे है। चुनाव में अवैध शराब की बिक्री ना हो इसके भी निर्देश आबकारी विभाग को कलेक्टर द्वारा दिए जा चुके हैं। लेकिन तामिया शराब ठेकेदार ने गांव-गांव में अवैध शराब का व्यवसाय जमकर पुलिस एवं आबकारी की मिली भगत से कर रहे हैं। इससे भी जिला प्रशासन के निर्देशौ की अनदेखी साफ देखने मिली और आज वित्तीय वर्ष का दिन समाप्त होने तक पुराने शराब ठेकेदार ने जिसे ठेका नहीं मिल पाया है। उसने तामिया के हर गांव में अवैध रूप से देसी विदेशी शराब एकत्रित कर राजनीतिक दख़ल रखने वालों के माध्यम से, गांव गांव में शराब का जखीरा इकट्ठा किया है। जिससे चुनावी माहौल में इस अवैध शराब बिक्री से कहीं कोई अनहोनी ना हो जाए। इसकी भी आवकारी विभाग को चिंता नहीं है क्योंकि तामिया क्षेत्र की शराब दुकानों, को विभाग का खुला संरक्षण मिलता रहा है। इस कारण अपने ठेका वित्तीय वर्ष में ना तो शराब दुकान पर ठेकेदार का नाम अंकित करवा पाए और ना ही शराब दर सूची टंगवा पाये। ऐसा आबकारी की मिली भगत से होता गया, लेकिन आचार संहिता काल में यदि ग्रामीण क्षेत्रों में शराब का अवेध भंडारण हो जाए तो इसे प्रशासन की नाकामी या मिली भगत से जोड़कर क्यों ना देखा जाए क्योंकि भारी तादाद में अवैध, विदेशी शराब सवारी वाहनों में भरकर पहुंचना पुलिस एवं आबकारी के खिलाफ जिला प्रशासन के आचार संहिता के पालन हेतु दिए गए निर्देशन की खुली अवेहलना है। जब गांव गांव शराब पुराने ठेकेदार ने सस्ते दामों पर पहुंचाई है तो आने वाले ठेकेदार एवं विक्रेता में निश्चित ही टकराव की स्थिति निर्मित होगी। तामिया में लोकसभा चुनाव के लिए लगी आचार संहिता केवल आदेश निर्देशों तक ही सीमित रही। ऐसा उसका पालन नहीं होने से साफ प्रतीत हो गया।

## बेरडी मार्ग पर हुआ हादसा

# सूखा पेड़ गिरने से दादी और पोते की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



रविवार को दोपहर सौसर से बेरडी की ओर जा रहे दादी और पोते की सूखा हुआ पेड़ गिरने के कारण मौत हो गई है।घटना की जानकारी मिलने के बाद में ग्रामीणों की मदद से दोनों को सौसर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया गया। अस्पताल में पहुंचने के बाद में डॉक्टर के द्वारा दादी और पोते को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बेरडी सड़क पर हुई दुर्घटना मेंनितिन पिता देवेंद्र हेड़ाऊ उम्र 23 निवासी वार्ड 4 सौसर,नथी बाई पति दयाराम हेड़ाऊ उम्र 68 साल निवासी वार्ड 4 सौसर की मौत हो गई। मृतक दादी बेरडी की एक जिनिंग में कार्य करती थी और पोता अपनी दादी को छोड़ने जा रहा था। बीच रास्ते में लगे सूखे पेड़ गिरने के कारण दोनों की मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलने के बाद में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। अस्पताल से परिजनों को शव मिलने के बाद देर शाम सौसर के मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बेरडी मार्ग पर सड़क से लगे हुए अनेक सूखे पेड़ है। जो कि कभी भी धराशाई हो सकते है।संबंधित विभाग से ऐसे सूखे हुए पेड़ों को काटकर आवागमन सुलभ करने की मांग की जा रही है।

## हिंदू उत्सव समिति कराएगा भव्य आयोजन, बैठक संपन्न

# हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी रामनवमीं, निकाली जाएगी भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



राम जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर हिंदू उत्सव समिति द्वारा बैठक का आयोजन किया गया था । जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम जी के भव्य मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होने के पश्चात यह प्रथम राम जन्मोत्सव मनाया जा रहा है इस राम जन्मोत्सव के पर्व को हिंदू उत्सव समिति पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएगी । विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा ।

इस वाहन रैली का नेतृत्व मातृशक्ति ड्रेस कोड के साथ करेगी । वाहन रैली दादा धूनी वाले दरबार , चारफ़ाटक से प्रारंभ होकर दशहरा मैदान पर इसका समापन होगा । इससे पूर्व शहर में आकर्षक विद्युत साजसज्जा , तोरण , झंडा लगाकर शहर को सजाया जाएगा । हिंदू उत्सव समिति का प्रयास रहेगा की प्रत्येक घर पर राम जन्मोत्सव के अवसर पर भगवा झंडा लगे इसके लिए प्रयास करेंगे । राम जन्मोत्सव की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह ने हिंदू उत्सव समिति की सराहना करते हुए इस वर्ष ऐतिहासिक वाहन रैली का आयोजन करने के लिए सारे प्रयास करने का हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों को मार्गदर्शन किया है ।

हिंदू उत्सव समिति यह कार्यक्रम में किसी का भी नाम या किसी भी फोटो का उपयोग नहीं करती है । एकमात्र लक्ष्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु रामचंद्र जी की नाम और फोटो का ही प्रत्येक जगह उपयोग होगा । बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता सामाजिक कार्यकर्ता रमेश पोफ़ली ने रैली में अव्यवस्थाओं पर प्रकाश डालते हुए उसे दूर कर वाहन रैली को एकरूपता देने का प्रयास करने का आवाहन किया। बैठक को संबोधित करते हुए आनंद बक्शी ने जिला प्रशासन से आचार संहिता का भय दिखाकर कार्यक्रम को बाधित न करने की चेतावनी दी । उन्होंने कहा कि कार्यक्रम प्रभु राम जी का उनके जन्मोत्सव का कार्यक्रम है । इसमें किसी भी प्रकार के राजनीतिक दल का हस्तक्षेप या सहभाग नहीं होता है । पूर्ण रूप से यह धार्मिक कार्यक्रम है और आचार संहिता से परे है ।

### दमुआ-जुन्नारदेव एवं परासिया रोड शो निरस्त

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ली में आयोजित आवश्यक बैठक के चलते मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए दमुआ, जुन्नारदेव एवं परासिया का रोड शो निरस्त किया गया है। लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. शेषराव यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 01 अप्रैल को शाम 4:45 बजे नई दिल्ली से सीधे छिंदवाड़ा हवाई पट्टी पहुंचेंगे। जहां से 4:50 से 5:35 बजे तक चौरई में आयोजित कार्यक्रम एवं रोड शो करेंगे। 6:45 से 07:45 तक चांद के शहपुरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि 8:30 पर मुख्यमंत्री का शहपुरा से छिंदवाड़ा आगमन होगा, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रात्रि 8.30 पर स्थानीय शहनाई लॉन में व्यापारियों एवं प्रबुद्धजनों की बैठक में उपस्थित होंगे। छिंदवाड़ा में रात्रि विश्राम उपरान्त 02 अप्रैल की सुबह 9:00-9:45 बजे तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सामाजिक बंधुओं की बैठक में शामिल होंगे।

## आगामी चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

# भाजपा मंडल बिछुआ की लोकसभा चुनाव हेतु बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

जिला संग़ठन के निर्देशानुसार शनिवार को भाजपा मंडल बिछुआ की आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता,व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत (गोलु) नागरे ने कहा इस बार छिंदवाड़ा लोकसभा चुनाव जीतना ही हम सबका लक्ष्य है,इस दौरान जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल ने भी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। संबोधन की इसी कड़ी में जिला संग़ठन प्रभारी संतोष पारिख ने कहा कि बुथ स्तर पर जाकर हर बुथ पर 370 से अधिक वोट पाने के लक्ष्य हेतु प्रेरित किया। विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक को संबोधित किया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से संगठन प्रभारी संतोष पारिख,पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पंडित रमेश दुबे, लखन कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

### काटोल रोड पर उमरीकला बैरियर पर एसएसटी की नियुक्ति

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह द्वारा छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 128-पांढुर्णा के काटोल रोड पर उमरीकला बैरियर पर 3 स्थैतिक निगरानी दलों के सदस्यों की नियुक्ति की गई है । नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये गये हैं कि वे तत्काल संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें और प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत करें। उन्होंने गठित टीम के प्रत्येक सदस्य को निर्देश दिये हैं कि पर उमरीकला बैरियर पर चैकपोस्ट बनाकर भारी मात्रा में नगदी, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु, शस्त्रों आदि की आवाजाही की निगरानी करें। जांच की सभी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करें। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

## आगामी 14 अप्रैल की अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा:-** आज जय भीम सेना सामाजिक संगठन छिन्दवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 31.03.2024 दिन रविवार को स्थानीय शनर सदन छिंदवाड़ा में आयोजित की गई । इस बैठक में आगामी 14 अप्रैल को विश्व के जाने-माने भारत रत्न से सम्मानित संविधान



निर्माता डॉ. बाबा साहब भीमराव जी अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया एवं आचार संहिता और आगामी चुनाव को देखते हुये 21 अप्रैल 2024 को जय भीम सेना द्वारा संयुक्त रूप से ओ.बी.सी. महासभा, जे.एस. यू. संगठन एवं अन्य सभी संगठनों के साथ मिलकर विशाल रैली के माध्यम से जयंती उत्सव अंबेडकर तिराहा छिंदवाड़ा में मनाये जाने की रूपरेखा बनायी गयी । इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुये जय भीम सेना संगठन में सीताराम सरेयाम को आदिवासी समाज का जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति करते हुये संगठन के सभी पदाधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं आशा की कि डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी के विचारों को समाज के लायेंगे । बैठक में मुख्य रूप से शिवम पहाड़े, समाजसेवी अरूणा तिलंते, लोधी विपिन वर्मा, मोहरू पटेल, गनपत यदुवंशी, अतुल राजा उइके, सीताराम सरेयाम, डॉ. मुरालीलाल कनोजिया, राजकुमार खड़से, मदन बरखाने, किशोर बंशकार, पप्पू मण्डराह, संदेश बघेलकर, एड. सुजीत पहाड़े, एड. अजय करोले, दिनेश इवनाती, सुरेश दुबे, राजा गुन्हेरे, मनीष मृदुलकर, अंकित पटेरिया, संजय बॉक्सर, राकेश पहाड़े, गोलू रोड़े, नितेश पटेल, अमन जाम्बुलकर, नूतन प्रकाश, सुरेश विश्वकर्मा, संतकुमार यदुवंशी आदि मौजूद रहे।

# रासेयो शिविर में जीवन प्रबंधन विषय पर हुई बौद्धिक चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पी. जी. कॉलेज छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वनगांव में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों के संतुलित जीवन प्रबंधन हेतु आयोजित बौद्घिक चर्चा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ता बतौर बोलते हुए प्रो. अमर सिंह ने कहा कि अगर हमारे इरादे फौलादी हैं तो श्रम की बर्बादी की गुंजाइश नहीं बचती है। जब तक कर्ता कर्म को अंतिम अंजाम तक नहीं पहुंचाता है, तो फायदा स्वयं को नहीं, औरों को मिलता है। लक्ष्य के सिवा और कुछ दिखना वक्त, शक्ति व श्रम की फिजूलखर्ची है। जिज्ञासा जीवन को गहराई में उतारती है। नकारात्मक रवैया रचनात्मक ऊर्जा को चूस लेता है। भाग्य पर भरोसा बहानेबाजों की धार्मिक आड़ होती है। अस्पष्ट, अपरिपक्व अव्यावहारिक विचारों की आंधी में उड़कर युवा अपनी जवानी न गवाएं। ठान लेने वाले लोग क्या मुश्किल है और क्या आसान है, में अंतर नहीं करते हैं। फौलादी इरादों से उत्पन्न उत्कृष्ट विचार ऊर्जा व्यक्ति से दुर्लभ कार्य करवा देती है। विषमताओं को क्षमताओं में बदले बिना कोई भी सिद्धि प्राप्त नहीं होती है।

# देश के सर्वांगीण विकास के लिए मोदी जरुरी- बंटी साहू

### भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



बीते एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और विश्व में भारत का बढ़ते प्रभुत्व से प्रत्येक भारतीय का आत्म स्वाभिमान बढ़ा है। देश विकास और प्रगति की नई राह पर बढ़ चला है। इन चुनावों में भी एक बार फिर हमें भाजपा और मोदी का साथ देकर विकास की एक नई कहानी लिखना है। इस आशय के उद्गार भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के द्वारा बीते दिवस अपने जुन्नारदेव आदिवासी अंचल के दौरे पर व्यक्त किये गए।शुक्रवार को पालाचौरई, सुकरी, दांतला, जुन्नारदेव, डुंगरिया, छिंदीकामत, घानाउमरी और कटकुई सहित विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया गया।इसी सभाओं में भाजपा नेताओं के द्वारा भी आमजन को संबोधित करते केंद्र में तीसरी दफा भी भाजपानीत मोदी सरकार के बनाए जाने की मतदाताओं से अपील की गई। अपने भाषण में जिला भाजपा उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला के द्वारा इन चुनाव को छिंदवाड़ा से दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण करार दिया गया. यह चुनाव छिंदवाड़ा के आत्मस्वाभिमान का चुनाव बता दिया गया। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में छिंदवाड़ा को यह तय करना है कि वह विकास की मुख्यधारा में चलने के लिए सांसद के रूप में जिले का लाल, जिले का बेटा विवेक बंटी साहू पर भरोसा कर उन्हें संसद में पहुंचाए। तब ऐसी स्थिति में देश और प्रदेश में भाजपानीत सरकार होने से जिले में विकास को नई गति मिलेगी।भाजपा नेता संजय जैन ने कहा कि 45 वर्षों की सामंतशाही का जवाब यह चुनाव में भाजपा का मिलने वाला हर एक वोट होगा। इस दफा का वोट छिंदवाड़ा के स्वाभिमान का प्रतीक होगा। विवेक बंटी साहू के नेतृत्व में छिंदवाड़ा विकास की एक नई तस्वीर और तकदीर बनाने को तैयार है।भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के इस जनसंपर्क और जनसंवाद रैली के दौरान सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष, पूर्व विधायक, प्रभारी गण, पदाधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में जनसैलाब मौजूद था।

# जनजाति समाज के अपमान का जवाब देगा आदिवासी समाजः नत्थनशाह

### कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ ने पूर्व अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह को कहा था गद्दार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ द्वारा एक आदिवासी जनप्रतिनिधि को गद्दार और स्वार्थी बिकाऊ कहना उनका मानसिक दिवालियापन दर्शाता है उन्होंने ऐसा कहकर केवल कमलेश शाह का अपमान नही किया बल्कि पूरे आदिवासी समाज का अपमान किया है। पूरे छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के आदिवासी समाज इसको सहन नही करेगा और आने वाली 19 तारीख को किसका जवाब निश्चित रूप से कांग्रेस और नकुलनाथ को देखने को मिलेगा आदिवासी विधायक कमलेश शाह ने जब भाजपा को सदस्यता ली तब भाजपा में जाने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए बहुत ही विनम्रता से कहा कमलनाथ मेरे आदरणीय है लेकिन कांग्रेस में रहकर आदिवासी विधानसभा का विकास कर पाना मुझे संभव नजर नहीं आ रहा था और वही पिछले 10 वर्षो से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।

## माझी आदिवासी समाज की निषादराज की जयंती को लेकर बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा :** माझी आदिवासी समाज के तत्वाधान में आज दिनांक 31.03.24 दिन रविवार को बैठक संपन्न हुई,



जिसमें समाज के सभी सामाजिक बंधुओं ने आगामी दिनांक 13 अप्रैल को आयोजित निषादराज की जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ पंडित दीनदयाल भवन रैक पाईन्ट रोड, जनता कालोनी वार्ड नंबर 21 छिंदवाड़ा में मनाने का निर्णय लिया । जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समाज के ऐसे बच्चो जिन्हांने परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किये हैं उन्हे प्रोत्साहित किया जायेगा । उक्ताशय की जानकारी जिलाध्यक्ष मोनू बनवारी ने देते हुये बताया कि इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रूपेश बरमैया, कमलेश बरमैया, सूरज कहार, सोहन बरमैया, राजू बर्मन, नितेश बरमैया, बबलू कहार, गोविन्द बनवारी, अर्जुन कहार, नीरज कहार, सोनू कहार, उमेश कहार, अखिलेश कहार सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे ।

## प्रवेशोत्सव व बाल सभा के आयोजन के साथ ही विद्यार्थियों का किया होगा प्रवेश

# आज से खुलेंगे स्कूल, तिलक लगाकर बच्चों का किया जाएगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले में शैक्षणिक सत्र 2024-25 आगामी एक अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगा । एक अप्रैल को प्रत्येक विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया जाकर बाल सभा का आयोजन किया जायेगा और पालकों के साथ अध्ययन-अध्यापन की कार्ययोजना पर चर्चा की जायेगी। इसी दिन विशेष भोज के आयोजन के साथ ही प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का शिक्षक द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया जायेगा । जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक श्री जे.के.इडपाचे ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा एक से 8 तक के सभी विद्यार्थियों का एक अप्रैल को आगामी कक्षा में नामांकन किया जायेगा। कक्षा एक से 4 व 6 से 7 की स्थानीय परीक्षा के परिणाम घोषित किये जायेंगे और कक्षा 5 व 8 के परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा अप्रैल माह के तृतीय सप्ताह में घोषित किया जाना संभावित होने के दृष्टिगत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अध्यनरत कक्षा 5 व 8 के विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में प्रावधिक प्रवेश दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थियों को एक अप्रैल से नवीन कक्षा में प्रावधिक प्रवेश देने के पश्चात अध्ययन-अध्यापन कराया जायेगा। सभी छात्र-छात्राओं को एक अप्रैल से ग्रीष्मावकाश के पूर्व तक कराई जाने वाली अध्ययन-अध्यापन की गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा एक के लिये नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल रेडिनेश कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय खेल स्टेच्यू, टापू, घोड़ा बादाम शाही, चिडिया फुर्र, खेल गीत पोशम पास, भाई पोशम पास, मिट्टी के खिलौने बनाना, आकृति बनाना, कागज की कटिंग व फोल्डिंग आदि गतिविधियों के आयोजन के साथ ही अतिरिक्त रोचक गतिविधियां भी विद्यालय में आयोजित की जायेंगी।



## भागवत की महत्वता का किया बखान

**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 गायत्री मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का श्री गणेश जल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। जल कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री राम मंदिर पहुंची वहां पर पूजन अर्चन पश्चात भागवत स्थल गायत्री मंदिर परिसर में पहुंचकर विधि विधान से पूजन अर्चन कर श्रीमद् भागवत कथा का बखान भागवत आचार्य पंडित अमित कृष्ण महाराज वृंदावन धाम द्वारा शुरू किया गया। प्रथम दिवस भागवत कथा की महत्वता का बखान भागवत आचार्य द्वारा किया गया उन्होंने बताया की भागवत कथा का श्रवण कर उसे अपने जीवन में चरितार्थ करना ही भागवत कथा सुनने का मुख्य उद्देश्य है।

रामजन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक में हुई चर्चा, ग्रुप के सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारी एवं बांटे गए झंडे

# भगवा झंडे लगाकर सजाया जा रहा पूरा शहर





हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

श्री सुन्दरकाण्ड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा रामनवमी 2024 में आयोजित तीन दिवसीय रामजन्मोत्सव में 17 अप्रैल रामनवमी की शाम 4 बजे की विशाल शोभायात्रा के संबंध में चित्रांश मंगल भवन में बैठक रखी गई जिसमें रामनवमी में आयोजित तीन दिवसीय रामजन्मोत्सव में विशाल भव्य शोभायात्रा में 17 अप्रैल शाम 4 बजे श्री खेड़ापति माता मंदिर के पास श्री रामजन्मोत्सव स्थल सुकलुढाना से प्रारंभ होकर जिसमे आयोध्या जी के श्री रामलला जी की प्रतिमा के दर्शन एवं भोले की बारात की विशेष झांकी साथ अनेक झांकिया- जो कि कुंडीपुरा थाने से सामने से होते हुए-गाँधी गंज-शनिचरा बाजार-श्याम टॉकीज-चारफाटक होते हुये-अलका टॉकीज-बस स्टेण्ड-फौवारा चौक -अनगढ़ हनुमान मंदिर होते हुए-बुधवारी में शैलपुत्री माता मंदिर होते हुए--छोटी बाजार-श्रीराम मंदिर होते हुए-छोटा तालाब होते हुए-ब्रिज के ऊपर से-रेल्वे स्टेशन होए कार्यक्रम स्थल पहुच कर समापन किया जाएगा ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया की शहर एंव रैली की रूढ़ की सजावटे एवं भगवान श्री रामलला जी की प्रतिमा एवं भोलेनाथ की चलित झांकी एवं आकर्षक लाइटिंग,डीजे,बाजे शोभयात्रा में मुख्य केंद्र रहेंगे साथ ही सभी से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में रामनवमी की शाम 4 बजे उपस्थित होवे साथ ही पूरा शहर ग्रुप द्वारा भगवा झंडे लगाकर भगवामय किया जा रहा है।

## ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए किया गया संकल्पित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

दमुआ म प्र जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखलेश जेन जी के निर्देशन एवं विकास खंड समन्वयक श्री संजय बामने जी के मार्गदर्शन मे **नंवाकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नांदना* के तत्वधान मे आज दिनांक 26.03.2024 को ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति हरियागढ़ बूथ क्रमांक 129मे ग्राम वासियो के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमे नवांकुर संस्था के अध्यक्ष द्वारा लोगो को अपने बूथ मे 100% मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया कोई भी मतदाता मतदान करने से ना छूटे ओर मतदान कर अच्छी सरकार बनाने हेतु बताया गया जिसमे मुख्य रूप से ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति के संतराम यदुवंशी शिव कुमार बानवंशी , मोबइलाइजर सवीन सरेआम परामर्शदाता मुकेश यदुवंशी ओर ग्राम वासी आदि की उपस्थिति मे समन्न हुआ।

## मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक एवं मतदान करने किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

दमुआ म प्र जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन जी के मार्गदर्शन एवं विकास खंड समन्वयक श्री संजय बामने जी के मार्गदर्शन मे नगर विकास प्रस्फूटन समिति वार्ड क्रमांक 13 के तत्वधान मे आज दिनांक 29.03.2024 को नगर विकास प्रस्फूटन समिति बूथ क्रमांक 150 मे नगर वासियो के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमे समाजिक कार्यकर्ता कमल झा द्वारा लोगो को अपने बूथ मे 100% मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया कोई भी मतदाता मतदान करने से ना छूटे ओर मतदान कर अच्छी सरकार बनाने हेतु बताया गयाएवं सभी उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गयी। जिसमे मुख्य रूप से नगर विकास प्रस्फूटन समिति के अध्यक्ष मोहित यादव, एवं समाजिक कार्यकर्ता कमल जी , कपिल जैन जी , राजेश सिरसाम , अजय मालवीय जी, मालवीय जी , बबुआ कश्यप जी की उपस्थिति मे समन्न हुआ।



## स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाताओं को मतदान हेतु किया गया जागरूक

**दमुआ**। म. प्र.जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश कुमार जैन जी के निर्देशन एवं विकास खंड समन्वयक श्री संजय बामने जी एवं परामर्शदाता मुकेश यदुवंशी के मार्गदर्शन मे नंवाकुर संस्था* ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नांदना* के तत्वधान मे आज दिनांक 29.03.2024 को ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति पिंडरई कला बूथ क्रमांक 108 मे ग्राम वासियो के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमे नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामरतन बेलवंशी के द्वारा लोगो को अपने बूथ मे शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया कोई भी मतदाता मतदान करने से ना छूटे, तथा मतदान कर अच्छी सरकार बनाने हेतु बताया गया जिसमे मुख्य रूप से ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति के सदस्य एवं ग्राम के किसानो को खेतो मे जाकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया जिसमे msw व bsw के छात्र कविता ,ओर ग्रामवासी आदि आमजन उपस्थिति हुए।

## संतों पर अत्याचार बंद हो: नागेंद्र ब्रह्मचारी

सात दिवसीय भागवत कथा के आयोजन में बोले ब्रम्हचारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रसिद्ध कथाकार अनगढ़ हनुमान मंदिर के प्रमुख महामंडलेश्वर श्री नागेंद ब्रम्हचारी जी ने ग्राम - गोहजर में प्रतिष्ठित पाठे परिवार की ओर से जारी 7 दिवस भागवत कथा में मीडिया को बताया कि संत श्री आशारामजी बापू एक राष्ट्रीय संत हैं। उनके देश विदेश में लाखों अनुयायी हैं। उनके सेवाकार्यों से समस्त मानव समाज लाभान्वित हुआ है। पूरे विश्व में उन्होंने सनातन संस्कृति का जमकर प्रचार-प्रसार किया है। उनको राजनीतिक द्वेष के कारण उनके ऊपर झूठा केस बना कर जबरन जेल में रखा जा रहा है। कई दुष्ट प्रवृत्ति के बड़े - बड़े आतंकवादी , चोर , लुटेरों तक को जमानत मिल गई है पर एक निर्दोष संत को जानबूझकर ना जमानत दी जा रही है ना पेरोल और ना ही उनके केस की कहीं कोई सुनवाई हो रही हैं। जिससे देश के पूरे संत समाज में बहुत रोष है। मैंने स्वयं कानून की पढ़ाई की है। मैं कानून जानता हूं। में कई बार जोधपुर भी गया हूं। पर वहां न्यायव्यवस्था से जुड़े लोगों ने कोई मदद नही की। सरकार को चाहिए कि निर्दोष सन्त आशारामजी बापू पर अत्याचार बन्द हो उन्हें जेल से शीघ्र रिहा किया जाए। नही तो पूरा सन्त समाज सड़कों पर उतर कर बड़ा आंदोलन करेगा। 7 दिनों से ग्राम गोहजर में जारी भागवत कथा में आसपास के अनेक ग्रामों के हजारों लोग रोजाना कथा श्रवण का पुण्य लाभ ले रहें हैं। इस कार्यक्रम में साध्वी नीलू बहन , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के जयराम भाई , गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्री कन्हैया पाठे , उनके सुपुत्र रामकिशोर पाठे , कार्यक्रम संयोजक सुभाष फरकारे , ग्राम -जाखावाड़ी के सचिव श्री रामरटे पहाड़े , लोधिखेड़ा उपडाकघर के भूपेश पहाड़े , श्री योग वेदांत सेवा समिति से सुजीत सूर्यवंशी , सुभाष इंग्ले , महेश चुगलानी , महिला समिति से कविता झामनानी , सन्ध्या रघुवंशी , डॉ. मीरा पराड़कर , छाया सूर्यवंशी , वर्षा आहूजा , करुणेश पाल , मीणा मेश्राम , कौशल्या कुशवाहा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खैरलॉजी पुलिस ने जप्त की 120 लीटर शराब, 2 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

खैरलॉजी पुलिस द्वारा काबिंग गश्त के दौरान महाराष्ट्र की सीमा से लगे हुए ग्राम सॉईटोला में दो स्थानों पर छापामार कार्यवाही कर लगभग 120 लीटर शराब बरामद करने में सफलता हासिल की हैं। जानकारी अनुसार गश्त के दौरान खैरलॉजी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम साई टोला खैरलांजी से लगे हुए जंगल में अवैध कच्ची शराब का भंडारण और परिवहन किया जाता हैं। इस व्यवसाय में ग्राम के कुछ लोग लिप्त है। जिसके बाद थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी के नेतृत्व में दो पुलिस टीम बनाकर पुलिस रेड में दो अलग अलग स्थान से क्रमशः 58 लीटर और 62 लीटर 'कुल 120 लीटर अवैध शराब' बरामद करने एवं आरोपियों को पकडऩे में सफलता प्राप्त हुई हैं। जिस पर थाना खैरलांजी में अपराध क्रमांक 111/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट और अपराध क्रमांक 112/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कायमी कर दोनों आरोपी गण समीर पिता प्रदीप तुर्कार 24 वर्ष निवासी साई टोला एवं तिलकचंद पिता रामदास ढीमर 45 वर्ष साई टोला को मौके से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी, सहायक उप निरीक्षक सतीश गोडाने, सहायक उपनिरीक्षक किशोर माने, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र नागवेरे, प्रधान आरक्षक नवनीत कुम्हरे, आरक्षक विष्णु जाट, आरक्षक ललित देशमुख एवम समस्त थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

लोक निर्माण विभाग से बना रहे पुलियों की जांच करने की की गई थी मांग

## पूर्व विधायक किशोर समरीते की जांच मांग पर बालाघाट कलेक्टर ने बनाई जांच टीम



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लोक निर्माण विभाग के ब्रिज के अधीन मुख्य अभियंता ब्रिज भोपाल से स्वीकृत निविदा में रजेगांव ,लांजी, आमगांव मार्ग पर कारंजा, सिंगोला, बिनोरा एवं देवगांव में बना रहे पुलियों के निर्माण की जांच करने तथा डायवर्सन बिना बनाएं डायवर्सन की राशि का बोनस आहरण किए जाने की जांच को लेकर लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते ने कलेक्टर बालाघाट से जांच की मांग की थी जिसमें पूर्व विधायक किशोर समरीते ने बताया था कि बालाघाट जिले में सीआरपीएफ फंड से लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश की ब्रिज शाखा द्वारा मुख्य अभियंता ब्रिज भोपाल से स्वीकृत निविदा में रजेगांव लांजी मार्ग पर ग्राम कारंजा में छोटी बाघ नदी पर ग्राम सिंगोला से सिंघोला नाला पर ग्राम बिनोरा में सोन नदी पर तथा ग्राम देवगांव में देव नदी पर लगभग 100 करोड़ की लागत से चार पुलियों का निर्माण किया जा रहा है इसमें लोहा सीमेंट एवं रेत के बिलों के भुगतान की जांच आवश्यक है। क्योंकि रेत नदी से ही उपयोग की गई तथा लोहे की मात्रा 50% उपयोग की गई इन पुलियों की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति में ड्रायवर्शन बनाने का उल्लेख है किंतु चारों पुलियों के निर्माण में ड्रायवर्शन नहीं बनाया गया जबकि ब्रिज निर्माण में ड्रायवर्शन का निर्माण स्टीमेट में हीं प्रमुखता से संलग्न होता है साथ ही इन पुलियों के एप्रोच रोड में निर्माण तथा एप्रोच रोड की लंबाई चौड़ाई भी स्वीकृत एस्टीमेट के अनुसार नहीं है जिसको लेकर लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने इस गंभीर मामले की कमेटी बनाकर जांच करवाने की मांग की थी जिस पर बालाघाट कलेक्टर के द्वारा दिनांक 19 मार्च को जिले में लोक निर्माण विभाग के ब्रिज के अधीन मुख्य अभियंता ब्रिज भोपाल से स्वीकृत निविदा रजेगांव लांजी आमगांव मार्ग तथा कारंजा सिंगोला बनोरा एवं देवगांव में बना रहे पुलियों के निर्माण की जांच करने तथा डायवर्सन की राशि को बोगस आहरण किए जाने संबंधी शिकायत पर जांच समिति का गठन किया गया जिसमें कार्यपालन यंत्री पीयू बालाघाट को अध्यक्ष तथा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग बालाघाट को सदस्य बनाया गया तथा जांच आदेश में बालाघाट कलेक्टर ने 15 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

## वृद्धाश्रम में मनाई रंग पंचमी : सर्व ब्राम्हण महिला मंडल ने बुजुर्गो को लगाई गुलाल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सर्व ब्राह्मण महिला मंडल ने नगरीय क्षेत्र के भटेरा चौकी स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो के साथ शनिवार की शाम को रंगपंचमी का उत्सव मनाया। सर्व ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष संध्या दीक्षित और संरक्षक साधना शुक्ला ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गो को गुलाल का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया।

इसके बाद महिला मंडल की सभी महिलाओं ने सभी बुजुर्गो पर पुष्पवर्षा कर रंग पंचमी मनाई। साथ ही बुजुर्गो के साथ होली के गीतों पर नृत्य भी किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बुजुर्गो को रंगपंचमी के अवसर पर उनके साथ स्वल्पाहार कराया।

इस दौरान महिला मंडल की बहनों में शशि पुरोहित, मंजुला तिवारी, सरला दुबे, कविता पाराशर, गोल्डी मिश्रा, किरण तिवारी, किरण मिश्रा, आरती शुक्ला, सीमा शुक्ला, अमृता शर्मा, लोचन मिश्रा, श्वेता मिश्रा, लता उपाध्याय सहित अन्य महिलाए उपस्थित रहीं।

सुख-सुविधाओं को छोड़कर वैराग्य की राह पर चल पड़ी - दिशिता सकलेचा

## कटंगी में निकला वरघोड़ा, जैन समाज के लोगों में दिखा भारी उत्साह





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी किशोर संचेती की दोहिती यानी की नातिन दिशिता सकलेचा संयम और अध्यात्म के मार्ग पर चल पड़ी है. रायपुर निवासी श्रीमती एकता शैलेन्द्र सकलेता की 20 वर्षीय पुत्री दिशिता सकलेचा 22 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में वैराग्य की दीक्षा लेकर साध्वी बन जाएगी. आचार्य भगवंत विजय योग तिलक सूरीश्वर दिशिता को दीक्षा दिलवाएगें. दिशिता सकलेचा के दीक्षा समारोह से पूर्व कटंगी स्थित ननिहाल में जैन समाज की ओर से भव्य बाजे-गाजे के साथ वरघोड़ा निकाला गया. वरघोड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ जो मुख्य मार्ग से होता हुआ सिनेमा चौक का भ्रमण कर वापस श्वेतांबर जैन मंदिर पहुंचा. जैन समाज के लोगों ने कहा आज कटंगी के लिए स्वर्णिम दिन है. धार्मिक परिवार से ताल्लुक रखने वाली दिशिता दीक्षा लेने से पूर्व कहती हे कि मेरे प्रथम गुरु माता पिता है मैं उनकी ऋणी हूं. उन्होंने कहा कि जब वह गुरू के पास पढ़ाई के लिए पहुंची तो महसूस हुआ कि भौतिक सुख-सुविधाओं में सुख नहीं है. स्वयं के भीतर ही सुख है. अगर आपके पास तमाम सुख-सुविधाएं है और भीतर से दुखी है तो इन सुख-सुविधाओं का कोई महत्व नहीं है. आपके पास कोई सुख-सुविधाएं ना हो और आप भीतर से खुश है तो यहीं सच्चा सुख है. सुख और दुख मन के विकार है. दुख के दो प्रमुख कारण है. राग और अहंकार इससे दूर रहना है. इसी बात का आभास होने के साथ ही दीक्षा लेने का प्रण लिया. दिशिता के साथ जैन समाज के करीब 35 से 40 अन्य दीक्षार्थी भी 22 अप्रैल को गुजरात में दीक्षा लेंगे।

सुबह करीब 11 बजे कटंगी शहर के सभी जैन समाज के लोग जैन मंदिर में एकत्रित हुए. मंदिर के नजदीक स्थित किशोर संचेती के निवास पर तुलादान की प्रक्रिया पूरी हुई. जिसके बाद वरघोड़ा निकाला गया. वरघोड़ा प्रारंभ होने पर जैन समाज ने मुमुक्षु का बहुमान किया. वरघोड़ा में बग्गीनुमा वाहन पर आसीन मुमुक्षु दिशिता ने अपने दोनों हाथों से सांसारिक वस्तुओं के सुख और वैभव की वस्तुओं के साथ धन को भी लुटाती रही. इस धन को लूटने के लिए लोग बग्गी के साथ साथ चलते रहे. बता दें कि दिशिता अपने परिवार के साथ ऐशो आराम के साथ अपना आगे का जीवन व्यतीत कर सकती थी लेकिन चकाचौंध छोड़कर उन्होंने आध्यात्म और वैराग्य की राह थामने का संकल्प लिया है।

## लांजी एवं भानेगांव में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर में 62 मरीज चयनित



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** महावीर इंटरनेशनल लांजी, जिला बालाघाट मध्यप्रदेश के द्वारा निःशुल्क प्रतिमाह स्वास्थ जांच एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन लांजी में और भानेगांव, में आयोजित किया गया। महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा लोगो की मदद कर सेवा कार्य में अब कैंसर रोग, ह्रदय रोग, किडनी रोग, महिलाओं में बच्चादानी रोग, पर उनका उपचार मार्गदर्शन कर शासन की योजना पर एवं अन्य हॉस्पिटल में मार्गदर्शन सेवा कार्य किया जाएगा , जो भी संभव मदद हो महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा किया जाएगा साथ ही प्रतिमाह मोतियाबिंद नेत्र जांच के माध्यम से रोगी की स्वयं की स्वेच्छा से उनका उपचार किया जायेगा। परिवार की सहमति के बगैर किसी भी व्यक्ति महिला पुरुष को नहीं भेजा जायेगा, आज दिनांक 30/03/ 2024 शनिवार को लांजी, भानेगाव में महावीर इंटरनेशनल के लांजी केंद्र द्वारा संचालित प्रतिमाह शिविर लांजी नगर में अरमान ऑप्टिकल लांजी में एवं भानेगांव,स्वाभिमान संस्कार कुनबी समाज भवन भानेगांव में (भूते आई केयर ऑप्टिकल भानेगांव) में शिविर का आयोजन किया गया। महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 के डिप्टी डायरेक्टर एवम चेयरमैन लांजी श्री विशाल राउत खोंगल जी ने बताया निर्धारीत तिथि और समय में प्रातः 10:00 से 2:00 तक लांजी में एवं 2 बजे से 4 बजे तक भानेगांव में सभी मरीजों की स्वास्थ जांच किया गया एवं सभी जन भावना के अनुरूप निशुल्क नेत्र जांच शिविर जारी रहा, शिविर में 195 लोगों का पंजीयन किया गया 62 मोतियबिंद मरीज चयनित हुए। इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षक डॉक्टर डॉ कर्मवीर सिंह, अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भूते टीम के द्वारा उनकी आंखों की जांच एवं के स्वास्थ्य की जांच एवं अन्य रोगों से संबंधित विषय की जानकारी लोगों अवगत कराया गया इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के सभी वरिष्ठ सदस्य एवं सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी स्थानीय नागरिकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त रहा। महावीर इंटरनेशनल लांजी टीम के जिनमें सर्वश्री प्रमोद नखाते,फणींद्र दुरुगकर, अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भूते,बंटी खरखाटे, नंदकिशोर बिलावर, , दादू नाकतोड़े, अंचल कालबेले, लूरेश भरे ,सुरेश नखाते, तोमेश्वर बापुरे, नेहाल गौतम, नितिन हरिंनखेड़े, नवीन टेंभरे आदि सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शहर में चल रहा था आईपीएल क्रिकेट सट्टा, पुलिस के हत्थे चढ़े दो युवक

**थाना कोतवाली मे विश्वसनीय मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 30/03/2024 को सिवनी शहर के सोमवारी चौक में आईपीएल क्रिकेट संचालित होने पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई।**

जिले मे आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालन को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.पी. शर्मा के एवं सुश्री पूजा पाण्डे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली स्तर पर टीम गठित कर आईपीएल सट्टा खेलने एंव खिलाने संवधी अपराध को रोकने एंव अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाकर धरपकड करने हेतु विशेष निर्देश दिये गये थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सोमवारी चौक में एक व्यक्ति मोबाईल फोन से आईपीएल सट्टा संचालित करते पाया गया, जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा गया, जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सागर पिता राकेश सेन उम-25 साल निवासी अम्बिका चौक व्यायाम शाला के पास भैरोगंज सिवनी का होना बताया जिसकी समक्ष गवाहान तलाशी लेने पर 5000/- रूपये एवं एक एंड्राइड मोबाईल फोन IQOO कम्पनी का मिला, मोबाईल फोन सर्च करने पर दिनांक-30/03/2024 को रात्रि लखनऊ एवं पंजाब के बीच चल रहे आई.पी.एल. क्रिकेट मैच को लेकर जीत-हार की बाजी लगाई जा रही थी, जिसे मुताबिक जप्ती पत्रक के गवाहान के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा-4 (क) सट्टा एक्ट का होना पाया।

आरोपी से खाईबाज के बारे में पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लेने पर आई.पी.एल. क्रिकेट सट्टा कमीशन पर अनिरुध्द सोनी निवासी कंटगी नाका सिवनी को देना बताया। अनिरूध्द सोनी का कृत्य धारा-109 ता.हि. का घटित करना पाया गया। दोनो आरोपियो के विरुध्द अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी मे सागर पिता राकेश सेम उम्र 25 साल निवासी अंबिका चौक व्यायाम शाला के पास भैरोगंज सिवनी, अनिरुध्द सोनी निवासी कंटगी नाका सिवनी ।

बरामद सम्पति-1- कुल नगदी 5000/- रूपये । 2- एक एंड्राइड मोबाईल फोन IQOO कम्पनी का कीमती-15000 रूपये ।

# नरवाई की आग से गन्ने की फसल खाक

## पांच एकड़ में हुआ नुकसान, कृषि उपकरण भी जले

जिले में फसलों में आग देर लगने की घटनाएं थमने का वान नाम ही नहीं ले रही है। शनिवार को ग्राम डुंगरिया में नरवाई की आग से पांच एकड़ में लगी गन्ने की फसल जल गई। इसके अलावा कृषि उपकरण भी जल गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजा रघुवंशी के खेत के पास गेहूं फसल कटने के बाद नरवाई में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी विकराल हो गई थी कि जो पास के गन्ने की फसल में पहुंच गई। देखते ही देखते आग से में पांच एकड़ में लगी गन्ने की फसल जल गई।

**आग लगने की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो किसी ने मोटर पंप तो किसी ने टैंकर लाकर आग पर काबू पाया। बादलपार पुलिस चौकी के अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडल सुकतरा के पटवारी हल्का नंबर 16 के ग्राम डुगरिया में खसरा नंबर 299/2 में में आग लगने की घटना में 150 स्प्रिंकलर पाइप एवं बिजली वायर भी जल गई।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पटवारी रवि शंकर जांगड़े एवं चौकी प्रभारी प्रदीप शर्मा मौका पर पहुंचे और मौका पंचनामा तैयार कर मुआवजा के लिए कार्रवाई की गई।

# आज प्रारंभ होंगे नवीन शैक्षणिक सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के पत्र कमांक राशिके ईएण्डआर 2024/1449 भोपाल दिनांक 22/3/2024 के माध्यम से 01 अप्रैल 2024 से नवीन शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ होना है।

मध्यप्रदेश में अन्य जिलों की भाँति सिवनी जिले में भी कलेक्टर / जिला मिशन संचालक के निर्देशन में समस्त शासकीय प्राथमिक / माध्यमिक / हाईस्कूल व हायरसेकेन्डरी शालाओं में नवीन शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ किया जाना है। जिसके अंतर्गत 01 अप्रैल 2024 को शालाओं में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जावेगा।

नवीन सत्र के प्रारंभ में शिक्षा के लोक व्यापीकरण का उद्देश्य लेकर 01 से 12 तक शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का विघालय में प्रवेश एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित की जावेगी।

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से जारी पत्र में अप्रैल माह की विभिन्न गतिविधियों का कैलेण्डर जारी किया गया है जिसके अनुसार शालाओं में अप्रैल माह में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जावेगा। नवीन शैक्षणिक सत्र में इस बार राज्य शिक्षा केन्द्र ने पढ़ने-पढ़ाने के तौर तरीकों को और अधिक रोचक बनाने की पहल की है। इसी पहल के तहत अलग-अलग कक्षाओं हेतु शैक्षणिक गतिविधियों का निर्धारण किया गया है। कक्षा तीसरी तक खेल-खेल में शिक्षा गतिविधि के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जावेगी, साथ ही कक्षा 4 से 8 तक की कक्षाओं में पूर्व कक्षाओं के कोर्स के रिवीजन के माध्यम से शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जावेगा।

इस संदर्भ में जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी से गतिविधियों का विधिवत संचालन हेतु शाला स्तर तक निर्देश जारी किए जा चुके है। उपरोक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित किए जाने हेतु समस्त बीआरसीसी/बीएसी/जनशिक्षक अपने कार्यक्षेत्र की शालाओं का भ्रमण करेगें। शाला स्तर पर यदि कोई कमियाँ पाई जाती है तो संबंधित संस्था प्रमुख / शिक्षक के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी कों प्रेषित करेगें।

# 8 पेटी देशी मसाला शराब, कार, एक आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी जी.डी.शर्मा, एसडीओपी सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि.राजेश कुमार दुबे व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार कार्यवाही की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।





दिनांक 29-30/03/2024 को दरमियानी रात्री मे अवैध शराब परिवहन की मुखबिर सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुएँ तत्काल टीम का गठन कर ग्राम नांदनी बिहिरिया रोड मे मुखबिर सूचना से प्राप्त हुलिया के आधार पर सफेद रंग की हुंडई i10 कार क्रं. MP-22-CA-8271 को रोककर चैक किया गया जिसमे कुछ चौकोर खाकी रंग की पेटियां रखी पायी गयी, जिसको खुलवाकर चेक करने पर 08 पेटी देशी मसाला शराब कीमती करीबन 40,000 रू. मिली वाहन चालक संजय उर्फ मोंटू पिता शिवशंकर बघेल उम्र 25 साल निवासी जमुनिया (बिहरिया) थाना बंडोल व्दारा hundai i10 कार क्रं. MP-22-CA-8271 मे अवैध शराब परिवहन करना पाये जाने पर मोके पर आरोपी से उक्त शराब, व कार क्रं. MP-22-CA-8271 जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय मे पेश किया गया व जैल वारंट बनाये जाने पर जेल दाखिल कराया गया है। प्रकरण अन्य महत्वपूर्ण विन्दुओ पर विवेचना जारी है। गिरफ्तार आरोपीः- (1) संजय उर्फ मोंटू पिता शिवशंकर बघेल उम्र 25 साल निवासी जमुनिया (बिहरिया) .थाना बंडोल जप्तिः- 1.08 पेटी देशी मसाला शराब कीमती 40000/- रू. 2. हुंडई 110 कार क्रं. MP-22-CA-8271 (कीमती करीब 05 लाख) सराहनीय कार्य – थाना प्रभारी बंडोल राजेश कुमार दुबे, सउनि मयाराम धुर्वे, प्र. आर. अमरलाल उईके प्र.आर. बालमुकुन्द बघेल, आर. सतीश पाल, राकेश मार्को, राजेश सरयाम, सै. नोलीराम सैयाम।

# मैं शादी करना चाहता हूं कहकर युवती को करता था परेशान, पहुंचा जेल

**जिले के कुरई ब्लाक के मोहगांव में रहने वाले युवक द्वारा युवती को शादी करने की बात कहकर हमेशा परेशान करने की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



पुलिस ने बताया है कि 28 मार्च को सिवनी निवासी युवती ने अपने स्वजनों के साथ महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी।इसमें उसने बताया था कि मोहगांव कुरई निवासी अर्जुन नामक युवक बुरी नियत से पीछा कर छेड़छाड़ व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देता है। पीडिता ने यह भी बताया कि जहां कहीं भी वह जाती है तो आरोपित उसका पीछा करता था और कहता था कि मैं तुमसे प्यार करता हूं, शादी करना चाहता हूं, मुझसे बात करो। शादी करने से मना करने पर आरोपित गाली देकर भाग जाता था। साथ ही शादी करने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देता था। युवती की शिकायत पर महिला थाना सिवनी में अपराध कायम कर आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जेल वांरट बनने पर आरोपित को जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

# जिला अस्पताल के सामने बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, महिला गंभीर







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग में रविवार को दोपहर 4 बजे तेज रफ्तार से जा रही एक बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 22 सीए 9969 के चालक ने बाइक क्रमांक एमपी 22 एमजी 2508 के चालक को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक में सवार एक महिला को गहरी चोट आई है। गंभीर रूप से घायल महिला संतोषी बिसेन पति जितेंद्र बिसेन (30) निवासी कुडोपार बरघाट को तत्काल एक ऑटो में उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं सड़क की दूसरी तरफ जा रही है एक महिला ने गंभीर रूप से घायल महिला की काफी मदद की और मदद करते हुए उसे जिला अस्पताल में उपचार करने के लिए वह भी पहुंची। पुलिस ने लापरवाही पूर्वक बोलेरो चला रहे चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। वही इस दुर्घटना में पति जितेंद्र बिसेन के पैरों में भी चोटे आई हैं। कार दुर्घटना में अनिल अग्रवाल का निधन वहीं रविवार की शाम लगभग 5 बजे एक अन्य सड़क दुर्घटना में कार से जा रहे अनिल अग्रवाल निवासी (40) निवासी पानी टंकी तिग्गा मोहल्ला सिवनी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के समाचार मिल रहे हैं।



# पैसेंजर ट्रेन में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

छिन्दवाड़ा से चौरई सिवनी होते हुए नैनपुर की तरफ जाने वाली छिन्दवाड़ा नैनपुर पैसेंजर ट्रेन में शॉर्टसर्किट होने की खबर है। शॉर्टसर्किट चौरई के पास होना बताया जा रहा है । आज 30 मार्च को रात्रि के समय शॉर्ट सर्किट की वजह से चौरई के पास ट्रेन के इंजन में आग लग गई जिससे यात्रियों में भगदड़ की स्थिति मच गई बताया गया है कि इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं स्थानी लोगों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के बाद से ही ट्रेन उसी स्थान पर खड़ी है।

## मनाया गया होली मिलन समारोह

सिवनी बरघाट ब्लाक के बम्होरी ग्राम में जनसमस्या निवारण संस्थान के जिला एवम ब्लॉक सदस्यों द्वारा होली मिलन कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया जिसमे मुख्य रूप से जिला सदस्य श्रीमति गोमती ठाकुर , बरघाट ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती मंजू चक्रवर्ती , जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अमृता बेदी , श्रीमति अनिता प्रजापति , ममता पटले अर्चना राहंगडाले , प्रतिभा हिरकने , अंजना रेखहुमने और अन्य ग्रामीण महिलाए कार्यक्रम में सम्मिलित हुई सभी ने उत्साह के साथ होली मिलन समारोह रंग पंचमी मनाया जनसम्स्या निवारण संस्थान द्वारा संचालित सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर लगाया जाता हे जिससे महिलाओ को आत्म निर्भर बनने के लिए निरंतर प्रयास किया जाता है।

## दिन में गर्मी तो रात्रि में हो रही उमस

# लगातार तापमान में हो रही वृद्धि, स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर

**जिले में होली पर्व के पूर्व से मौसम में बदलाव हो रहा है। बीते पखवाड़े में जहां ओलावृष्टि और बारिश होने से तापमान में गिरावट हुई थी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मार्च माह में ही भीषण गर्मी पडने से लोग काफी परेशान है। मानव स्वास्थ्य पर गर्मी का विपरीत असर होने लगा है। निजी, शासकीय अस्पतालों में मरीजों की संख्या में रोजाना बढ़ोत्तरी हो रही है। अधिक गर्मी का प्रभाव बच्चे और बुजुर्गों में ज्यादा नजर आ रहा है। दिन में तेज गर्मी तो रात्रि में उमस लग रही है। बीते एक सप्ताह से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है।




वहीं अचानक से तापमान में वृद्धि भी होने लगी। मौसम में हुए बदलाव व अधिक गर्मी का प्रभाव पांच साल तक के बच्चों में ज्यादा देखने को मिल रहा है। बच्चों में पेट दर्द के साथ-साथ उल्टी व दस्त की शिकायत हो रही है। इसी तरह बुजुर्गों में भी यह समस्या अधिक नजर आ रही है। मौसम परिवर्तन से बीमार हो रहे लोगों को निजी, शासकीय अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। शासकीय अस्पतालों के ओपीडी में जहां मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वहीं निजी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर उपचार के लिए भर्ती कराया जा रहा है।

### बच्चों के मामले में न बरतें लापरवाही

डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में बदलाव और तेज गर्मी से स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है। बच्चों को पेट दर्द, उल्टी व दस्त की शिकायत हो सकती है। इस दौरान लापरवाही न बरतें। घरेलू उपचार के चक्कर में न पड़े। तत्काल ही शिशु रोग विशेषज्ञ से उपचार कराएं। ताकी बीमार बच्चों को अधिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। तापमान में हो रही वृद्धि के चलते लोगों को दोपहर में घरों से बाहर निकलने से भी परहेज बरतना पड़ेगा। आवश्यकता होने पर ही घर से बाहर निकले। लेकिन सुरक्षा के इंतजाम के साथ ही जाए। पानी का नियमित रुप से अधिक से अधिक उपयोग करें।

### युवा, बुजुर्गों पर भी पड़ रहा प्रभाव

डॉक्टर ने बताया कि तेज धूप का असर बड़े लोगों पर भी पड़ रहा है। युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं को भी सावधानी बरतने की आवश्कता है। बड़े लोगों में भी डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त की शिकायत के साथ डायरिया होने की संभावना बनी हुई है। प्रसूताओं को भी इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# परम पूज्य गणिनी आर्यिका श्री विशिष्ट श्री माता जी के पुनः नगर आगमन से उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्य प्रदेश की धर्म नगरी सिवनी मे परम पूज्य गणाचार्य श्री गुरूवर विराग सागर जी महामुनिराज की परम प्रभावक शिष्या परम पूज्य गणिनी आर्यिका श्री विशिष्ट श्री माता जी ससंघ का पुनः नगर आगमन व संघस्त नवदीक्षित नगर गौरव परम पूज्यनीय आर्यिका श्री विदित श्री माता जी का अपने जन्म स्थान सिवनी नगर मे प्रथम बार नगर आगमन दिनांकः-03 अप्रैल 2024 को सुबहः- 8:00 बजे होने जा रहा है जिसमे आप सभी सादर आमंत्रित है। पूज्य गुरु मां की भव्य आगवानी के तदुपरांत जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जी के जन्म/ तप कल्याणक के अवसर पर मानस्तंभ मे विराजमान भगवान आदिनाथ जी के चतुर्मुखी जिन प्रतिमाओ भव्य वार्षिक महास्तिकाभिषेक महामहोत्सव का आयोजन पूज्य गुरु मां के ससंघ सानिध्य मे आयोजित किया जाएगा जिसमे आप सभी सादर आमंत्रित है।

उल्लेखनीय है वर्ष 2003 मे परम पूज्य आर्यिका श्री विशिष्ट श्री माता जी का भव्य नगर आगमन अपने दीक्षा गुरू आचार्य श्री विराग सागर जी महामुनिराज के साथ हुआ था समाज के निवेदन पर पूज्य आचार्य श्री जी ने पूज्य आर्यिका श्री विशिष्ट श्री माता जी ससंघ 16 माता जी का मंगल चातुर्मास सिवनी नगर वासियो दिया था उस चातुर्मास का प्रभाव नगर मे स्थित छोटे जैन मंदिर की चाल मे रहने वाली हमारी रिंकी दीदी जी के जीवन पर इतना गहरा पड़ा की दीदी जी ने अपने कदम वैराग्य पथ बड़ा दिये ओर वर्ष 2010 मे हमारी बड़ी बहन रिंकी दीदी जी ने परम पूज्य आचार्य श्री विराग सागर जी महामुनिराज के चरणो मे जाकर आर्यिका के महाव्रतो को धारण कर परम पूज्य आर्यिका श्री विदित श्री माता जी बन कर अपना जीवन तो धन्य किया ही साथ मे जिन्हे पाकर हम नगर निवासी गौरव का अनुभव कर रहे है।

## तेज सायलेंसर एवं बगैर नम्बर प्लेट बुलट मोटर साइकिल पर की गई

कार्यवाही श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तेज व मॉडीवाई सायलेंसर वाहनो पर आपत्ति जाहिर की जा रही है जो थाना कोतवाली द्वारा पूर्व में कई बुलट एवं मोटर साइकिल जिनमें तेज आवाज एवं मॉडीफाईड सायलेंसर के विरूद्ध अभियान छेडा गया था जो इसी क्रम में पूर्व के मुताबिक लगातार कार्यवाही करते हुए बुलेट मोटर साइकिलों को शहर में तेज आवाज मे सायलेंसर का उपयोग करते वाहन चलाते पाया गया। दिनांक 31/03/24 को कार्यवाही शहर में भ्रमण के दौरान मोटर साइकिल चालक क्रमांक **MP** 28 **MA** 1020 का चालक लकी शिववेदी पिता घनश्याम शिववेदी उम्र 21 साल निवासी देवरी कला छपारा तेज सायलेंसर बुलेट एवं बगैर नम्बर प्लेट की बुलट मोटर साइकिल को चलाते पाया गया जो मौके पर पंचनामा तैयार कर मोटर व्हीकल एक्ट का इस्तगासा तैयार कर न्यायालय पेश किया जायेगा।

# मंत्री प्रहलाद पटेल ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

## बोले - इस बार विकास विरासत के साथ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

किरनापुर के पंवार मंगल भवन में बालाघाट व सिवनी जिले की लोकप्रिय लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी को विजयश्री दिलाने के लिए प्रचार प्रसार करने पहुंचे।लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। इसी के चलते किरनापुर पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर डबल इंजन की मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाएं जनता को बताएं।मध्यप्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल आज अल्प प्रवास पर किरनापुर आए। मंत्री प्रहलाद पटेल किरनापुर के पंवार मंगल भवन में आयोजित लोकसभा चुनाव में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शमिल हुए और कार्यकर्ताओं के बीच जीत का मंत्र फूंका। इस दौरान मंत्री प्रहलाद पटेल ने केन्द्र सरकार की योजनाओं का बखान किया और मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व सीएम कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर निशाना साधा। वहीं, जल्द ही होने जा रहे लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि इस बार विकास विरासत के साथ।

### लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार की सुगबुगाहट हुई तेज

इसके चलते मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के सीनियर लीडरों ने अपनी अपनी कमर कस ली है। केंद्र में एक बार फिर नरेंद्र मोदी की सरकार स्थापित हो इसके लिए बीजेपी नेताओं ने प्रदेश के तमाम इलाकों में दौरे करने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए उन नेताओं को चुना गया जो पार्टी के कद्दावर नेता लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी के रूप में सामने आईं हैं ।

### किरनापुर पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल बीजेपी कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

मध्य प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल आज अल्प प्रवास पर किरनापुर पहुंचे। प्रह्लाद पटेल भाजपा पंवार मंगल भवन में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं के बीच जीत का मंत्र फूंका। बैठक के दौरान मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता घर घर जाकर डबल इंजन की मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाएं जानता को बताएं और सरकार की योजनाओं के पात्र हितग्राही अगर किसी भी योजना का लाभ पाने से अभी तक वंचित हों तो उन हितग्राहियों को लाभ दिलाने का कार्य करें।प्रहलाद पटेल ने कहा विकास ही होगा । वहां पर मीडिया से चर्चा करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल ने पूर्व सीएम कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर निशाना साधा। मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा की 2024 लोकसभा चुनाव में एक बार फिर नारा है इस बार फिर मोदी सरकार। इस बार फिर भाजपा की सरकार। प्रहलाद पटेल ने कहा की हमारा एक ही सिद्धांत है और इस बार के लोकसभा में एक बार फिर विकास भाजपा का चुनावी मुद्दा होगा, लेकिन विरासत के साथ होगा।

### बोले विकास की योजनाओं से मिला जानता को लाभ

मीडिया से चर्चा करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि विकास की योजनाओं से जानता को लाभ मिला है। गरीबों के कल्याण की योजनाएं हों या रोजमर्रा की जरूरतों की चीजें हों आम आदमी तक पहुंची हैं। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा ने एक मुकाम हासिल किया है कि जो भी पात्र हितग्राही है सरकार उसके दरवाजे तक गई और अगर वह पात्र था तो उसे वहीं लाभ मिला और जो पात्रता नहीं रखते थे उनका आवेदन हुआ, ताकि पुनः विचार हो सके। सरकार ने किसी को छोड़ा नहीं, बल्कि ऐसे लोगों को ढूंढा जो कि जरूरतमंद हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित लांजी किरनापुर के विधायक राजकुमार कर्राहे,रामकुमार राणा,दिलीप भटेरे कॉलेज जन भागीदारी समिति अध्यक्ष ,संतोष शर्मा ,शंकर मेढे ,गौरी शंकर भीमटे, भाजपा कार्यकर्ता भुवनभाऊ रहांगडाले जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ,राणा कल्याण सिंह जनपद पंचायत अध्यक्ष ,नन्हे बहेकार, शिवतारन एन आर गर्दे,पवन पारधी मंडल अध्यक्ष, सदा राम रंहांगडाले, ओ आर मेश्राम, योगराज भास्कर ,और भी अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारती पारधी ने भमोडी, गोंगलई, नवेगांव, परसपानी, तिवड़ी और सिंगोड़ी में किया जन-संपर्क



हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

बालाघाट- सिवनी, भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी ने रविवार को विधानसभा सभा परसवाड़ा के ग्राम भमोडी, गोंगलई, नवेगांव, कोसमी, परसपानी, तिवड़ी और सिंगोड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं संग बैठक, जन-संपर्क किया। आम जनमानस से फिर जब बार मोदी सरकार, मोदी की गारंटी, घर-घर गारंटी बने, सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय का आशीर्वाद मांगा। राम राज्य की ओर बढ़ते देश में सभी ग्रामीण जनों ने अपने मतदान रूपी आहुति देने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीण जनों का मोदी सरकार के प्रति उत्साह और मांग देखते ही बना। यहां भारती पारधी ने कहा, मुझे जो अवसर मिला है यह सब जनता जनार्दन और पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद है जिसे मैं जनकल्याण और क्षेत्र के विकास में सर्वस्व न्योछावर न्छावर करने में कोई कोर कसर नहीं छोडूगी। यह चुनाव भाई नहीं लड़ रही हूं क्षेत्र की समस्त जनता और भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता लड़ रहा है जो मैं जहां भी जा रही हूं, वहां मिल रहे प्रतिसाद से परिलच्छित हो रहा है। इसके बाद भारती पारधी विधानसभा लांजी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन, जनसंपर्क, विजय संकल्प रैली और सभा में सम्मिलित होने के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी संजय खंडेलवाल, संयोजक जितेंद्र चौधरी, जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे, मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे, नितेश सोनेकर, रामेश्वर चौधरी, वेद प्रकाश पटेल, देवीशंकर टेम्भरे, टोपू गौतम हेमंत चौहान, अलका चौधरी, राजू बुर्रे, उमेश सोनकर समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### आज कटंगी में जन आशीर्वाद

आज भारती पारधी विधानसभा कटंगी में जनसंपर्क और जन आशीर्वाद सभाएं में सम्मिलित होंगी। इसी कड़ी में सुबह 10 बजे सालेबर्डी, 10:30 बजे मीरगपुर, दोपहर 1 बजे कटोरी, 2 बजे चंद्रकुआं, 3 बजे बोनकट्टा, 4 बजे में महकेपार, 5 बजे तिरोड़ी बाजार में सभा। शाम 7:30 बोथवा और शाम 8:30 बजे विधायक गौरव सिंह पारधी के घर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी।

# निर्वाचन के मद्देनजर बढ़ गई है चौकसी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



आम लोकसभा निर्वाचन-2024 में हर एक गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा हर सम्भव प्रयास किये जा रहे है। इसमें खासतौर पर अन्य जिले व राज्यों से आने वाले वाहनों के आने जाने पर जांच बहुत आवश्यक कार्य है। इसके लिए जिले व राज्य सीमाओं पर नाकों के माध्यम से गहन जांच की जा रही है। इन नाको की खास बात यह है कि इन नाकों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए है, जिससे निगरानी जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम में की जा रही है। संसदीय सीट बालाघाट-सिवनी में ऐसे 24 नाकों पर चौकसी की जा रही है। इनमें 11 नाकेँ अंतरजिला और 13 अंतरराज्यीय नाकेँ स्थापित है। इन पर 48 कैमरों के माध्यम से भी जिला स्तर पर निगरानी सतत जारी है। इन नाकों पर जांच की बात करें तो 31 मार्च शाम 4 बजे तक अकेले गढ़ी स्थित नाकेँ ओर 139 वाहनों की चेकिंग की गई है।

# ईसाई धर्मावलंबियों ने हैप्पी संडे के रूप में मनाया ईस्टर-डे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



क्रिसमस-डे की तरह गुड फ्राइडे और ईस्टर-डे भी ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए विशेष महत्व रखता है। यह दिन मुख्य रूप से ईसा मसीह के जीवित होने का दिन हैं। जहां ईसाई धर्मावलंबी गुड फ्राइडे को शोक दिवस के रूप में मनाते है। वहीं ईस्टर संडे एक खुशी का दिन है। इसके कारण इस दिन को हैप्पी ईस्टर भी कहा जाता है।

**एक-दूसरे को ईस्टर की बधाई दी**

31 मार्च को ईस्टर-डे को ईसाई स्थानीय धर्मावलंबियों ने खुशी और उत्साह के साथ मनाया। इस साल 29 मार्च को गुड फ्राइडे मनाया गया था और रविवार 31 मार्च को ईस्टर-संडे मनाया गया। ईस्टर-डे पर ईसाई धर्मावलंबी चर्च पहुंचे। प्रार्थना कीऔर प्रभु यीशु को याद करके उनका आभार जताकर एक-दूसरे को ईस्टर की बधाई दी। ईस्टर-संडे पर चर्च में वि भि न्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मुख्यालय के कैथोलिक और मेथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। फादर ने धर्मग्रंथ ईस्टर संडे के महत्व को समझाते हुए बताया कि गुडफ्राइडे के बाद दूसरे दिन संडे को प्रभु यीशु पुनः जीवित हो उठे थे। फादर ने बताया कि यह दिन प्रभु यीशु के मृत्यु पर विजय का दिन है।

# मोती गार्डन में स्थापित हुए मतदाता जागरूकता के लिए सेल्फी पॉइंट




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए हर दिन नई नई गतिविधियों के माध्यम से कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में चलाई जा रही है। नगर पालिका बालाघाट ने सुबह शाम व अन्य समय में मोती गार्डन में घूमने आने वाले मतदाताओं व नागरिकों को प्रेरित करने के लिए सेल्फी पॉइंट और हस्ताक्षर बोर्ड स्थापित किया गया है। मोती गार्डन का सेल्फी पॉइंट कई नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां कई दंपत्ति और युवाओं मतदान के लिए प्रेरित करने के फोटो ले रहे है।

# हाट बाजारों में भी मतदाताओं को जागरुक किया जाने लगा है




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए हर दिन नई नई गतिविधियों के माध्यम से कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में चलाई जा रही है। रविवार को भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अमला पीछे नही है। अमले द्वारा जहां भी बड़ी संख्या में मतदाता दिखते है। वहीं जागगरुक करने के लिए अपना दायित्व निभा रहे है। रविवार को आयोजित हुए हाट बाजारों में भी मतदाता जागरूकता के लिए रैलियां निकाली गई साथ ही पैम्पलेट वितरण के अलावा शपथ भी दिलाई गई।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन होने पर मोबाइल से शिकायत करना अत्यंत सहज




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत आचार संहिता के उल्लंघन के अलावा कई तरह की शिकायतों के निराकरण के लिए आयोग ने एक ऐप बनाया है। इस ऐप पर कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकता है। चाहे वो अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन हो या मुफ्त उपहार वितरण हो या धमकी देने, धन वितरण संपत्ति विरूपण,पेड न्यूज, साम्प्रदायिक नफरत फैलाने जैसी कोई भी शिकायत हो। इसके लिए सी-विजिल ऐप के माध्यम से सिर्फ एक फोटो-वीडियो के माध्यम से ऐप पर अपलोड करना होगी। इस ऐप पर आने वाली शिकायतों की जानकारी आयोग के पास भी होती है। शिकायतों के निराकरण के लिए जिले में गठित एफएसटी दल तुरन्त मौके पर पहुँच कर छानबीन करता है और सम्बंधित शिकायत के सम्बंध में जानकारी अपलोड करता है।

# नपा में डीजल के खेल में कौन-कौन शामिल, किसके हाथ में था डीजल का प्रभार, कर्मचारियों की क्या थी भूमिका? पूर्व सांसद ने मांगा डीजल घोटाले पर नपाध्यक्ष का इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नगरपालिका में डीजल घोटाला सामने आया है, जिसे सीएमओ निशांत श्रीवास्तव ने स्वयं पकड़ा है, पहले प्रतिमाह नगरपालिका के वाहनो में 17 से 18 लाख के डीजल व्यय को, एक माह में ही उन्होंने 7 से 8 लाख रुपए ला दिया है, जिससे साफ है कि प्रतिमाह 9 से 10 लाख रुपए के डीजल की खपत के नाम पर घोटाला किया जा रहा था. हालांकि इस मामले में सीएमओ निशांत श्रीवास्तव ने दो कर्मचारियो को निलंबित किया है, वहीं इस मामले की जांच के लिए जांच समिति गठित किए जाने की बात कही है. दूसरी ओर इस घोटाले के सामने आने के बाद नपाध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने जारी बयान में कहा कि यह डीजल मंते व्यय हो रही अत्यधिक राशि पर ध्यान देने की बात कही थी. चूंकि जिस हिसाब से डीजल में राशि व्यय हो रही थी, उस हिसाब से डीजल के भाव नहीं बढ़े थे. उन्होंने कहा कि परिषद, ऐसे किसी भी घोटाले के खिलाफ है और पूरी जांच करने के निर्देश हमने दिए है।

अब सवाल यह खड़े होता है कि यह केवल एक माह या कुछ माह का मामला है. सीएमओ कहते है कि इसे वह कई महिनो से देख रहे थे, तो फिर जो राशि का अंतर आया है, वह क्या एक माह का है, हालांकि इस मामले में सीएचएमो ने जो लगभग डीजल व्यय का 40 लाख रुपए रोका है, अंदेशा है कि वह व्यय भी घोटाले में शामिल है, तो फिर घोटाला काफी बढ़ा है और इस डीजल के खेल में कौन-कौन शामिल है? इसका भी पर्दाफाश होना चाहिए.बताया जाता है कि वाहनो में डीजल का काम स्वास्थ्य विभाग देखता है, तो यह प्रभार पहले और अब किसके पास था, यह भी एक बड़ा सवाल है कि आखिर इसमें उनकी भूमिका क्या है? एक जानकारी के अनुसार पहले नगरपालिका से जा चुके एक कर्मचारी के हाथ में नपा के वाहनो में डीजल का काम था. जिनके जाने के बाद और किसी के पास यह प्रभार आ गया था. वहीं जिन वाहनों में खपत से ज्यादा डीजल डलवाने की बात आ रही है, उन वाहनो में डीजल इलवाया गया या नहीं? या फिर केवल पर्ची बनवाकर पेट्रोल पंप की सांठगांठ से राशि निकाली गई, यह भी एक बड़ा सवाल है. हालांकि अब इस मामले के सामने आने के बाद इस पूरे मामले में संलिप्त लोगों के चेहरों के बेनकाब होने का इंतजार है।

वहीं नगरपालिका में हुए डीजल घोटाले को लेकर पूर्व सांसद एवं बसपा प्रत्याशी कंकर मंजारे ने इसे बड़ा घोटाला बताते हुए कहा कि आंकडे कम है और इससे कहीं ज्यादा हो सकते है. उन्होंने कहा कि नगरपालिका में हुए डीजल घोटाले में पूरी तरह से नगरपालिका अध्यक्ष जिम्मेदार है, जिन्हें नैतिकता के आधार पर स्तीफा दे देना चाहिए और इस पूरे मामले की जांच ईओडब्ल्यु से कराई जानी चाहिए।

# मामला ग्राम पंचायत अर्जुनी का : सरपंच-सचिव और ग्रामीणों ने थाने में की शिकायतकर्ताओं की शिकायत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत अर्जुनी में दो पक्षों में शुरू हुआ विवाद अब थमने का नाम नहीं ले रहा है. यह विवाद थाने तक आ पहुंचा है. शनिवार को जहां 05 ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव पर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी नहीं देने और अभद्र भाषा का उपयोग करने की थाने में शिकायत की थी. वहीं रविवार सरपंच-सचिव और करीब दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर शिकायतकर्ताओं के खिलाफ शासकीय कार्य में दखल देने और सरपंच-सचिव को झूठा फंसाने की शिकायत की है. दरअसल, पूरा मामला ऐसा है कि सालिकराम राहंगडाले, देवेन्द्र पारधी और डेलसिंह पारधी ने शनिवार को थाना पहुंचकर पुलिस को बताया कि कुल 05 आवेदकों ने अर्जुनी पंचायत में सूचना का अधिकार के तहत आवेदन लगाकर विभिन्न कार्यों, हितग्राहीमूलक योजनाओं सहित अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े बिल-वाउचर की जानकारी मांगी थी. जानकारी लेने की नियत तिथि 30 मार्च शनिवार को थी. पंचायत सचिव ने सभी 05 आवेदकों से 23 मार्च को 36 हजार रुपए की राशि जमा करवाकर शनिवार को पंचायत में जानकारी लेने के लिए बुलाया था. जहां 03 आवेदकों को अधूरी जानकारी दी गई जबकि शुल्क लेने के बाद भी 02 आवेदक देवेन्द्र पारधी और सालिकराम राहंगडाले को जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई. आवेदकों ने जब मौखिक तौर पर जानकारी नहीं दिए जाने का कारण पूछा तो पंचायत सचिव और सरपंच ने कथित पर आवेदकों के साथ अभद्रता की।

वहीं रविवार को सरपंच विनोद कुमार गढ़पाण्डे, पंचायत सचिव राजेश पाठक सहित करीब दर्जन भर अन्य ग्रामीणों ने शिकायतकर्ताओं पर झूठी शिकायत करने का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ताओं की थाने में शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है. पंचायत सचिव राजेश पाठक ने बताया कि 05 लोगों ने सूचना का अधिकार के तहत आवेदन लगाया गया था इन सभी आवेदकों को जानकारी प्रदान करने के लिए 30 मार्च को पंचायत बुलाया गया. तीन आवेदन जानकारी देने के पात्र पाए गए तो उन्हें जानकारी दी गई जबकि जो दो आवेदक देवेन्द्र पारधी और सालिकराम रांहगडाले अपात्र थे. इसलिए इन आवेदकों को कारण बताते हुए आवेदन निरस्त कर दिया. जिसके बाद दोनों ही आवेदक आवेशित हो गए और सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को गाली-गलौच करने लगे इसका एक वीडियो भी बनाया गया है. सरपंच-सचिव कहीं इनकी करतूत की पहले पुलिस में शिकायत ना कर दे इस डर से शिकायतकर्ता पहले आ गए. सरपंच विनोद कुमार गढ़पाण्डे ने शिकायतकर्ताओं पर पैसे मांगने का गंभीर आरोप लगाया है. सरपंच ने कहा कि जानकारी लेना उनका मकसद नहीं बल्कि गांवों में विकास कार्य को प्रभावित करना उनका काम बन गया है. पंचायत में जो भी सरपंच बने उन्हें इन शिकायतकर्ताओं के द्वारा परेशान किया जाता है. सरपंच ने कहा कि शिकायतकर्ता ने 03 लाख रुपए की मांग की थी. शिकायतकर्ता देवेन्द्र पारधी तो नागपुर में रहता है उसे गांव के बारे में कोई जानकारी नहीं है वह केवल पैसे उगाही करने के लिए इस तरह से पंचायत को परेशान करने का काम करता है. सरपंच-सचिव के साथ शिकायत करने के लिए आए ग्रामीणों ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा पंचायत के काम में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है. जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे है. अर्जुनी पंचायत में पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाता है।

## सोशल मीडिया के दौर में भी है सूचना पटल का उतना ही महत्व

# कलेक्टर कार्यालय के पटल पर अधिसूचना से लेकर नाम वापसी व अभ्यर्थियों के शपथ पत्र भी चस्पा है

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




आम लोकसभा निर्वाचन-2024 में सूचना और तमाम जानकारियां मतदाताओं तक पहुँचाने का एक जटिल कार्य है। जब बात एक-एक मतदाता तक आयोग की सूचनाओं की जानकारी रहें। ऐसी स्थिति में प्रशासन को अतिरिक्त प्रयास करने होते है। ये प्रयास प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक के अलावा गांव-गांव में ढोढ़ी पीटने के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से सूचनाओं का पर्याप्त प्रयास किये जाते है। इन सब के अलावा एक ऐसा माध्यम भी है जो सोशल मीडिया के दौर में भी अपनी कामयाबी के साथ महत्व रख रहा है। यह माध्यम हर एक शासकीय कार्यालयों के अलावा कई बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर प्रमुखता से निर्धारित किया जाता है। जिस पर जनमानस के लिए सूचनाएं चस्पा की जाती है। जिसे सूचना पटल के नाम से जाना जाता है। ऐसा ही एक सूचना पटल निर्वाचन के दौरान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दिनों कलेक्टर कार्यालय स्थित निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर विशेष सूचना पटल स्थापित है। इस पटल पर वो हर एक जानकारी चस्पा/ टंगी है जो आयोग के महत्वपूर्ण निर्देश व आदेश है। इस पटल पर अधिसूचना जारी होने से लेकर अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने वाले अभ्यर्थियों के नामों की भी जानकारी मौजूद है। साथ ही इस पर बालाघाट-सिवनी संसदीय लोकसभा सीट से जुड़ी जानकारियों में मतदान दिवस समय और यहां तक कि निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के शपथ पत्र भी चस्पा है।